Series SMA/2

कोड नं. **58/2/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

अर्थशास्त्र

ECONOMICS

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

सामान्य निर्देश :

(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **17 – 21** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका उत्तर केवल **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।

(iv) प्रश्न संख्या **6 – 10** और **22 – 26** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **11 – 13** और **27 – 29** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **14 – 16** और **30 – 32** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

General Instructions :

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Questions No.* **1 – 5** *and* **17 – 21** *are very short-answer questions carrying* **1** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

(iv) *Questions No.* **6 – 10** *and* **22 – 26** *are short-answer questions carrying* **3** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **60** *words each.*

(v) *Questions No.* **11 – 13** *and* **27 – 29** *are also short-answer questions carrying* **4** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **70** *words each.*

(vi) *Questions No.* **14 – 16** *and* **30 – 32** *are long-answer questions carrying* **6** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **100** *words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

खण्ड अ

SECTION A

1. समष्टि अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए । *1*

   Define macro economics.

2. एक अनधिमान वक्र क्या दिखाता है ? *1*

   What does an indifference curve show ?

3. सीमांत लागत की परिभाषा दीजिए । *1*

   Define marginal cost.

4. एक ऐसे बाज़ार में जिसमें एक फर्म दी गई कीमत पर एक वस्तु की कितनी भी मात्रा बेच सकता है, औसत सम्प्राप्ति (आगम) का व्यवहार क्या रहता है ? *1*

   What is the behaviour of average revenue in a market in which a firm can sell any quantity of a good at a given price ?

5. अल्पाधिकार की परिभाषा दीजिए । *1*

   Define oligopoly.

6. कारण बताते हुए समझाइए कि उत्पादन संभावना वक्र अवतल क्यों होता है । *1*

   Explain, giving reason, why production possibilities curve is concave.

7. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है और वह संतुलन में है । X की कीमत बढ़ जाती है । उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता की प्रतिक्रिया समझाइए । *3*

   A consumer consumes only two goods X and Y and is in equilibrium. Price of X rises. Explain the reaction of the consumer with the help of utility analysis.

8. ऐसे पूर्ति वक्र खींचिए जिनके हर बिन्दु पर पूर्ति की कीमत लोच

(i) शून्य,

(ii) एक, तथा

(iii) अनन्त हो । 3

Draw supply curves showing price elasticity of supply equal to

(i) zero,

(ii) one, and

(iii) infinity throughout.

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है ।*

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 8.*

पूर्णतया लोचदार पूर्ति और पूर्णतया बेलोच पूर्ति के बीच भेद कीजिए ।

Distinguish between perfectly elastic supply and perfectly inelastic supply.

9. एक उत्पादक व्यवसाय शुरू करने के लिए धन उधार लेता है और स्वयं ही इस व्यवसाय की देखभाल करता है । इस सूचना के आधार पर अंतर्निहित और स्पष्ट लागतों की पहचान कीजिए । समझाइए । 3

A producer borrows money to start a business and looks after the business himself. Identify the implicit and explicit costs from this information. Explain.

10. एक पूर्ण प्रतियोगी बाज़ार में 'सम उत्पाद' के परिणाम समझाइए । 3

अथवा

एकाधिकारिक बाज़ार में 'उत्पाद विभेद' के परिणाम समझाइए ।

Explain the implications of 'homogeneous products' in a perfectly competitive market.

OR

Explain the implications of 'differentiated products' in monopolistic competition.

11. समझाइए कि एक अनधिमान वक्र क्यों बाएँ से दाएँ नीचे की और ढलवाँ होता है । अनधिमान वक्र विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता संतुलन की शर्तें बताइए । *4*

Explain why is an indifference curve downward sloping from left to right. State the conditions of consumer's equilibrium in Indifference Curve Analysis.

12. एक उपभोक्ता ₹ 11 प्रति इकाई पर वस्तु की 13 इकाई खरीदता है । जब कीमत बढ़ कर ₹ 13 प्रति इकाई हो जाती है, वह 11 इकाई खरीदता है । व्यय विधि द्वारा माँग की कीमत लोच ज्ञात कीजिए । इस सूचना के आधार पर माँग वक्र के आकार पर टिप्पणी भी कीजिए । *4*

A consumer buys 13 units of a good at a price of ₹ 11 per unit. When price rises to ₹ 13 per unit he buys 11 units. Use expenditure approach to find price elasticity of demand. Also comment on the shape of the demand curve based on this information.

13. किसी उत्पाद पर लगे कर में परिवर्तन करने से उस उत्पाद की पूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए । *4*

अथवा

सम्प्राप्ति (आगम) से क्या अभिप्राय है ? सीमांत सम्प्राप्ति और औसत सम्प्राप्ति के बीच सम्बन्ध बताइए ।

How does the change in tax on a product influence the supply of that product ? Explain.

OR

What is revenue ? Explain the relation between marginal revenue and average revenue.

14. निम्नलिखित में भेद कीजिए : *6*

(i) 'माँग में परिवर्तन' और 'माँग मात्रा में परिवर्तन'

(ii) बजट सेट और बजट रेखा

Explain the distinction between :

(i) 'Change in demand' and 'Change in quantity demanded'

(ii) Budget set and Budget line

15. परिवर्ती अनुपातों के नियम के अनुसार कुल उत्पाद में परिवर्तन के चरण बताइए । प्रत्येक चरण के पीछे कारण भी समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । 6

State the phases of changes in total product in the Law of Variable Proportions. Also explain the reason behind each phase. Use diagram.

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 15 के स्थान पर है ।*

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 15.*

परिवर्ती अनुपातों के नियम के अनुसार कुल उत्पाद में परिवर्तन के चरण बताइए । प्रत्येक चरण के पीछे कारण भी समझाइए । तालिका का प्रयोग कीजिए ।

State the phases of changes in total product in the Law of Variable Proportions. Also explain the reason behind each phase. Use a schedule.

16. एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । बाज़ार में होने वाली प्रतिक्रियाओं की शृंखला समझाइए, जब

(i) पूर्ति में "कमी" आ जाए ।

(ii) माँग में "कमी" आ जाए । 6

अथवा

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । माँग और पूर्ति में एक-साथ "वृद्धि" होती है लेकिन कीमत में कोई परिवर्तन नहीं आता । समझाइए कि ऐसा कैसे संभव है । तालिका का प्रयोग कीजिए ।

Market for a good is in equilibrium. Explain the chain of reactions in the market when there is

(i) "decrease" in supply.

(ii) "decrease" in demand.

OR

Market for a good is in equilibrium. There is simultaneous "increase" both in demand and supply but there is no change in price. Explain how is it possible. Use a schedule.

खण्ड ब
SECTION B

17. पूँजीगत वस्तुओं की परिभाषा दीजिए । *1*
Define capital goods.

18. प्रवाह चर की परिभाषा दीजिए । *1*
Define flow variables.

19. बैंक मुद्रा से क्या अभिप्राय है ? *1*
What is bank money ?

20. अप्रत्यक्ष कर की परिभाषा दीजिए । *1*
Define indirect tax.

21. लचीली विनिमय दर से क्या अभिप्राय है ? *1*
What is a flexible exchange rate ?

22. बाज़ार कीमत पर निवल मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिए : *3*

(i)	मध्यवर्ती लागत (₹)	10,000
(ii)	स्टॉक में परिवर्तन (₹)	1,000
(iii)	उत्पादन बिक्री (इकाई)	750
(iv)	उत्पादन की प्रति इकाई कीमत (₹)	40
(v)	आयात शुल्क (₹)	2,000
(vi)	अचल पूँजी का उपभोग (₹)	3,000

Find out Net Value Added at Market Price :

(i)	Intermediate cost (₹)	10,000
(ii)	Change in Stock (₹)	1,000
(iii)	Output sold (units)	750
(iv)	Price per unit of output (₹)	40
(v)	Import duty (₹)	2,000
(vi)	Consumption of fixed capital (₹)	3,000

23. मुद्रा का 'लेखा की इकाई' कार्य समझाइए । *3*

Explain the 'unit of account' function of money.

24. एक ही रेखाचित्र में उपभोग वक्र और बचत वक्र खींचिए और उस पर 'समता बिन्दु' दिखाइए । *3*

Draw consumption curve and saving curve in a single diagram and mark the 'break-even point'.

25. निम्नलिखित से 'निवेश' ज्ञात कीजिए : *3*

राष्ट्रीय आय = ₹ 800

स्वायत्त (न्यूनतम) उपभोग = ₹ 50

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति = 0·8

Find 'investment' from the following :

National income = ₹ 800

Autonomous consumption = ₹ 50

Marginal propensity to consume = 0·8

26. सरकारी बजट में राजस्व व्यय और पूँजीगत व्यय के बीच अंतर बताइए । प्रत्येक का उदाहरण दीजिए । *3*

अथवा

आय की असमानताएँ दूर करने में सरकारी बजट की भूमिका समझाइए ।

Distinguish between revenue expenditure and capital expenditure in a government budget. Give example in each case.

OR

Explain the role of government budget in reducing income inequalities.

27. कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय मापते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाना चाहिए : *4*

(i) फर्म द्वारा उत्पादन शुल्क का भुगतान

(ii) फर्म द्वारा ब्याज का भुगतान

Giving reason, explain how the following should be treated while estimating national income :

(i) Payment of excise duty by a firm

(ii) Payment of interest by a firm

28. केन्द्रीय बैंक का 'मुद्रा निर्गमन' कार्य समझाइए । *4*

अथवा

'सांविधिक तरलता अनुपात' और 'वैधानिक रिज़र्व अनुपात' के बीच अंतर समझाइए ।

Explain 'Bank of issue' function of central bank.

OR

Explain the distinction between 'Statutory liquidity ratio' and 'Legal reserve ratio'.

29. सरकारी बजट में 'प्राथमिक घाटा' की अवधारणा समझाइए । इससे क्या पता चलता है ? *4*

Explain the concept of 'primary deficit' in a government budget. What does it indicate ?

30. (अ) बाज़ार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद और (ब) सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय ज्ञात कीजिए : *4, 2*

		(₹ करोड़)
(i)	मज़दूरी तथा वेतन	700
(ii)	किराया	100
(iii)	विदेशों को निवल चालू (पूँजीतर) हस्तांतरण	10
(iv)	निवल अप्रत्यक्ष कर	70
(v)	रॉयल्टी	50
(vi)	लाभ	300
(vii)	विदेशों को निवल कारक आय	(–) 20
(viii)	अचल पूँज़ी का उपभोग	120
(ix)	नियोजकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंशदान	60
(x)	कर्मचारियों द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंशदान	40
(xi)	ब्याज	400

Find (a) Net National Product at Market Price and (b) Gross National Disposable Income :

		(₹ crore)
(i)	Wages and Salaries	700
(ii)	Rent	100
(iii)	Net current transfers to abroad	10
(iv)	Net indirect tax	70
(v)	Royalty	50
(vi)	Profits	300
(vii)	Net factor income to abroad	(–) 20
(viii)	Consumption of fixed capital	120
(ix)	Social security contribution by employers	60
(x)	Social security contribution by employees	40
(xi)	Interest	400

31. 'अपस्फीति अंतर' की अवधारणा समझाइए । इसको कम करने में 'खुले बाज़ार की प्रक्रियाओं' की भूमिका भी समझाइए । *6*

अथवा

'आधिक्य माँग' की अवधारणा समझाइए । इसको कम करने में 'बैंक दर' की भूमिका भी समझाइए ।

Explain the concept of 'deflationary gap'. Also explain the role of 'open market operations' in reducing it.

OR

Explain the concept of 'excess demand'. Also explain the role of 'Bank Rate' in reducing it.

32. विदेशी विनिमय की माँग और पूर्ति प्रत्येक के दो-दो स्रोत बताइए । कारण देते हुए विदेशी विनिमय दर और विदेशी विनिमय की पूर्ति के बीच सम्बन्ध समझाइए । *6*

Give two sources each of demand and supply of foreign exchange. Giving reason explain the relation between foreign exchange rate and supply of foreign exchange.